सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
https://www.facebook.com/sabgurunews/
https://www.sabguru.com/
https://www.youtube.com/channel/UCCcLI90UP-prqTlnNwqIX7g/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 1 | अंक 11 | अजमेर, गुरुवार 25 नवम्बर 2023 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4


## सम्पादकीय

## वोकल फॉर लोकल अभियान ने भारतीय बाजारों से चीनी कब्जा पूरी तरह समाप्त कर दिया है

देश हमारा, धर्म हमारा, देवी.देवता हमारे और पर्व.त्योहार हमारे तो पैसा चीन क्यों कमाए यह सवाल हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हाल के वर्षों तक भारतीय बाजारों में देखने को मिलता था कि खिलौने से लेकर मोबाइल तक पर्वों-त्योहारों पर मूर्तियों से लेकर मिट्टी के दीये और अन्य सजावटी सामान तक डाइपर से लेकर वाइपर तक टीवी से लेकर कम्प्यूटर तक सबकुछ मेड इन चाइना मिला करता था। ऐसे में भारतीय व्यापारियों का माल नहीं बिक पाने से उनको तो नुकसान होता ही था साथ ही भारतीय सामान की मांग नहीं होने के चलते श्रमिकों को भी काम नहीं मिलता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान छेड़ते हुए वोकल फॉर लोकल की जो अपील की वह देखते ही देखते एक बड़ा जन-आंदोलन बन गया। सरकारी समर्थन के चलते स्वरोजगार की राह पर भारतीय इतना आगे बढ़ गये कि ऐसे तमाम उत्पाद भारत में ही बनने लगे जोकि कल तक चीन से आयात किये जाते थे। कम लागत और उच्च गुणवत्ता के चलते भारतीय उत्पाद देसी बाजारों के अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी छाने लगे गये हैं। भारतीय बाजारों से जिस तेजी से चीनी माल गायब होता जा रहा है उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि मोदी ने भारतीय बाजारों से चीन का कब्जा समाप्त करने में सफलता पाई है। आप चाहे शहरों की बात कर लें या गांवों की हर जगह यही देखने को मिलेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वोकल फॉर लोकल और मेड फॉर ग्लोबल या मेक फॉर वर्ल्ड जैसी अपीलें सुपरहिट साबित हुई हैं। आज दीपावली पर जिस तरह ऑनलाइन बिक्री मंचों से लेकर बड़े.बड़े मॉलों, सुपरमार्केटों और स्थानीय दुकानों तक पर सिर्फ और सिर्फ मेड इन इंडिया उत्पादों की मांग है उसने मोदी को वोकल फॉर लोकल अभियान के ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी स्थापित कर दिया है। यह मोदी के नेतृत्व का ही कमाल है कि उन्होंने भारतीयों में आत्मनिर्भर बनने का ऐसा उत्साह जगा दिया है कि युवाओं में स्टार्टअप खोलने या अपना व्यवसाय खड़ा करने की होड़ लग गयी है। वोकल फॉर लोकल अभियान की सफलता दर्शाती है कि मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनका दिया हर नारा लोगों के बीच असर करता है मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो हर भारतीय को एक उद्यमी के रूप में देखना चाहते हैं और इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित भी करते हैं। मोदी की अपीलें क्या और कितना असर करती हैं इसका उदाहरण अगर देखें तो प्रधानमंत्री ने रक्षा बंधन से पहले श्मन की बातश् कार्यक्रम के जरिये लोगों को वोकल फॉर लोकल मंत्र की याद दिलाई तो बाजार से चीनी राखियां गायब हो गयीं और हर ग्राहक सिर्फ भारतीय राखियां मांग रहा था। नवरात्रि और दीपावली से पहले देश में कारोबार को गति देने के लिए प्रधानमंत्री ने मन की बात में एक बार फिर वोकल फॉर लोकल की याद दिलाई तो चाहे ऑनलाइन सेल हो या स्थानीय बाजारों की महासेल सभी जगह सिर्फ और सिर्फ भारतीय सामान की ही मांग रही। मोदी चूंकि कुशल संगठनकर्ता भी हैं इसलिए वह अपने हर अभियान से बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ना भी जानते हैं।

जैसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जरिये उन्होंने पूरी दुनिया को योग से जोड़ दिया। इसी प्रकार वोकल फॉर लोकल अभियान से हर भारतीय को जोड़ने के लिए उन्होंने इस दिवाली पर स्थानीय स्तर पर विनिर्मित उत्पाद खरीदने और उस उत्पाद या उसके निर्माता के साथ एक सेल्फी नमो ऐप पर साझा करने का आह्वान किया जोकि सुपरहिट तो रहा ही साथ ही इसने किसी एक अभियान के दौरान सेल्फी लेने का नया रिकॉर्ड भी बना दिया। साथ ही स्थानीय विनिर्माताओं को जो आर्थिक लाभ हुआ सो अलग है।यही नहीं प्रधानमंत्री सभी से यह अपील भी करते हैं कि आप जब भी घूमने या तीर्थयात्रा पर जाएं तब स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पाद जरूर खरीदें। प्रधानमंत्री लोगों से लेन-देन के दौरान यूपीआई डिजिटल भुगतान प्रणाली का अधिक इस्तेमाल करने का आग्रह भी करते हैं क्योंकि एक तो ऑनलाइन भुगतान प्रणाली सरल हैए दूसरा इससे हर प्रकार की वित्तीय पारदर्शिता भी बनी रहती है।

## राजस्थान में चालीस से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

### विधानसभा चुनाव -2023

जयपुर। राजस्थान में शनिवार को विधानसभा आम चुनाव में प्रदेश की कुल दो सौ विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर मतदान होगा। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित हो गया। 199 सीटों पर हो रहे चुनाव में करीब डेढ सौ सीटों पर सत्तारुढ़ एवं भारतीय जनता पार्टी भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार हैं जबकि चालीस से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय एवं कुछ स्थानों पर चतुष्कोणीय मुकाबला माना जा रहा है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जोधपुर की सरदारपुरा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे झालावाड़ जिले की झालरापाटन, विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी राजसमंद की नाथद्वारा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट टोंक, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ चुरु जिले की तारानगर, उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां जयपुर की आमेर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर फिर से अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। इनके अलावा सत्तारुढ कांग्रेस के कई मंत्री एवं विधायक फिर चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं। इस चुनाव में इस बार दल बदल कर भी एक दूसरे दल से चुनाव लड़ रहे है उनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया कांग्रेस छोड़कर फिर भाजपा प्रत्याशी के रुप में डोटासरा के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह नागौर से पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा कांग्रेस छोड़कर भाजपा उम्मीदवार के रुप में नागौर से ही चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा भी भाजपा में शामिल होकर बाड़ी से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।इसी तरह भाजपा विधायक शोभारानी कुशवाह कांग्रेस का दामन थाम कर फिर चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह किशनगढ़ से भाजपा के बागी हुए विकास चौधरी कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह अन्य कई उम्मीदवार है जो एक दूसरे की पार्टी में चुनाव लड़ रहे।

### 199 सीटें पर मतदान

सादुलशहर, गंगानगर, सूरतगढ़, रायिसंहनगर ;अजा, अनूपगढ अजा, संगरिया, हनुमानगढ, पीलीबंगा ;अजा नोहर, भादरा, खाजूवाला ;अजा,बीकानेर पश्चिम, बीकानेर पूर्व, कोलायत, लूणकरणसर, डूंगरगढ, नोखा, सादुलपुर, तारानगर, सरदारशहर चुरु, रतनगढ़, सुजानगढ़ ;अजा, पिलानी ;अजा, सूजरजगढ, झुंझुनूं, मंडावा, नवलगढ़, उदयपुरवाटी, खेतड़ी, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, धोद अजा, सीकर, दांतारामगढ, खण्डेला, श्रीमाधोपुर, कोटपुतली, विराटनगर, शाहपुरा, चौमू, फुलेरा, दूदू, झोंटवाड़ा, आमेर, जमवारामगढ़ ;अजजा, हवामहल, विद्याधरनगर, सिविल लाइंस, किशनपोल, आदर्शनगर, मालवीय नगर, सांगानेर, बगरु अजा, बस्सी, अजजा, चाकसू ;अजा, तिजारा, किशनगढबास, मुण्डावर, बहरोड़, बानसूर, थानागाजी, अलवर ग्रामीण अजा अलवर शहर, रामगढ़, राजगढ़ लक्ष्मणगढ एवं कठूमर अजा शामिल हैं।

इसी तरह कामां नगर, डीग.कुम्हेर, भरतपुर, नदबई, वैर, ;अजा, बयाना, अजा बसेड़ी ;अजा बाडी, धौलपुर, राजाखेड़ा, टोडाभीम ;अजजा, हिण्डौन अजा करौली सपोटरा ;अजजा बांदीकुई, महुवा, सिकराय अजा दौसाए लालसोट अजजा गंगापुरए बामनवास ;अजजा सवाईमाधोपुरए खण्डार,अजा मालपुरा, निवाई ;अजा टोंक देवली उनियाराए किशनगढ़, पुष्कर, अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, नसीराबाद, ब्यावर, मसूदा, केकड़ी, लाडनूं, डीडवाना, जायल अजा नागौर, खींवसर, मेड़ता ;अजा, डेगाना मकराना परबतसर नावां, जैतारण सोजत अजा, पाली, मारवाड़ जक्शन, बाली, सुमेरपुर, फलौद, लोहावट, शेरगढ, ओंसिया, भोपालगढ़ ;अजा, सरदारपुरा, जोधपुर, सूरसागर, लूणी, बिलाड़ा ;अजा जैसलमेर, पोकरण, शिव, बाड़मेर, बायतू, पचपदराए सिवाना, गुढ़ामालानाी चौहटन अजा आहोर, जालोर अजा, भीनमाल, सांचौर एवं रानीवाड़ा शामिल है।

इनके अलावा सिरोही, पिंडवाड़ा आबू ;अजजा रेवदर ;अजा गोगूंदा,अजजा झाडोल; अजजा खेरवाड़ा; अजजा उदयपुर ग्रामीण,अजजा, उदयपुर, मावली, वल्लभनगर, सलूम्बर अजजा, धरियावद ;अजजा, डूंगरपुर ;अजजा, आसपुर ;अजजा, सागवाड़ा, अजजा चौरासी ;अजजाद्धए घाटोल,अजजा, गढी ;अजजा, बांसवाड़ा, अजजा, बागीदौरा ;अजजा, कुशलगढ ;अजजा, कपासन; अजा, बेंगू चित्तौड़गढ, निम्बाहेड़ा बड़ी सादड़ी प्रतापगढ़ अजजा भीम, कुम्भलगढ, राजसमंद, आसींद, माण्डल, सहाड़ा, भीलवाड़ा, शाहपुरा; अजा,जहाजपुर मांडलगढ़, हिण्डौली, केशोरायपाटर ;अजा, बूंदी, पीपल्दा, सांगोद कोटा उत्तर, कोटा दक्षिण, लाडपुरा, रामगंजमंडी ;अजा अंता किशनगंज ;अजजा, बारां.अटरु अजा छबड़ा, डग ;अजा झालरापाटन खानपुर एवं मनोहरथाना शामिल हैं।


## राजस्थान में सबसे ऊंचा मतदान केन्द्र शेरगांव

राजस्थान में शनिवार को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में सिरोही जिले में आबू पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शेरगांव में स्थित प्रदेश का सबसे ऊंचा मतदान केन्द्र के लिए सबसे पहले मतदान दल को रवाना किया गया। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदान दल राय की सबसे ऊंची चोटी गुरुशिखर से करीब 17 किलोमीटर पैदल चलकर शेरगांव स्थित इस मतदान केन्द्र पर पहुंचेगा।

निर्वाचन विभाग की और से पहली बार शेरगांव में मतदान केन्द्र बनाया गया हैं जहां पर केवल 118 मतदाता है जो पहली बार अपने गांव में मतदान कर सकेंगे। इससे पहले ये मतदाता दस किलोमीटर पैदल चलकर उतरज में मतदान करने जाते थे। आबू पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 210 मतदान केंद्र बनाये गये हैं जहां दो लाख 27 हजार 856 मतदाता अपने मतों का उपयोग कर सकेंगे।

## पाकिस्तान या भारत कौन है अमरीका का करीबी दोस्त

इस्लामाबाद। एक सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि अमरीका के अधिकतर लोग पाकिस्तान की तुलना में भारत को अपना करीबी दोस्त मानते हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक गल्लुप पाकिस्तान ने अमरीकी एजेंसियों के सहयोग से यह सर्वेक्षण किया है जिसमें करीब एक हजार अमरीकियों ने अपना मंतव्य जाहिर किया।सर्वेक्षण में 56 प्रतिशत अमरीकियों ने भारत को अपना दोस्त मानाए जबकि 28 फीसदी ने पाकिस्तान को अपना दोस्त माना। इसके विपरीत 39 प्रतिशत अमरीकियों ने पाकिस्तान को अपना दुश्मन माना जबकि महज 11 फीसदी ने भारत को अपना दुश्मन माना। सर्वेक्षण से यह तथ्य भी सामने



आया कि 34 प्रतिशत अमरीकी लोग पाकिस्तान को नकारात्मक दृष्टि से देखते हैं जबकि 32 फीसदी भारत के बारे में कोई राय व्यक्त करने से बचते हैं।सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत को अपना मित्र मानने वाले अमरीकियों की दर श्वेत अमेरिकियों में अधिक हैए जो कि 63 प्रतिशत हैए जबकि इसी समूह मेंए 26 फीसदी पाकिस्तान को अपना मित्र मानते हैं। अन्य अमेरिकी समूहों में 43 प्रतिशत भारत को अपना मित्र मानते हैंए जबकि 32 फीसदी पाकिस्तान को अपना मित्र मानते हैं।उम्र के आधार पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में से 61 प्रतिशत अमरीकियों ने भारत का समर्थन कियाए जबकि इसी आयु वर्ग के 23 फीसदी अमरीकी लोगों ने पाकिस्तान के लिए समर्थन जताया।

# 5 करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता तय करेंगे राजस्थान में किसकी होगी सरकार

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव.2023 के लिए शनिवार को मतदान होगाए जिसके लिए सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई है और इस बार पांच करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदान शनिवार को सुबह सात से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मतदान के लिए मतदान दल मतदान केन्द्रों पर पहुंच गए हैं। इस चुनाव में रा’य की 200 विधानसभा सीटों में 199 सीटों के लिए 1860 से अधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गंगानगर जिले में करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया।इस चुनाव में सत्तारुढ़ कांग्रेसए मुख्य विपक्ष भारतीय जनता पार्टीए बहुजन समाज पार्टीए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टीए आम आदमी पार्टीए आजाद समाज पार्टी ;कांशीरामद्धए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टीए भारत आदिवासी पार्टीए जननायक जनता पार्टीए भारतीय ट्राइबल पार्टी सहित करीब 80 पार्टियों के उम्मीदवार एवं करीब 730 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।कांग्रेस में इस बार भी अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे नेताओं में मुख्यमंत्री अशोक गहलोतए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासराए विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशीए पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलटए मंत्रियों में शांति धारीवालए बीडी कल्लाए भजन लाल जाटवए विश्वेन्द्र सिंहए भंवर सिंह भाटीए सालेह मोहम्मदए ममता भूपेशए प्रताप सिंह खाचरियावासए राजेंद्र सिंह यादवए शकुंतला रावतए उदय लाल आंजनाए राम लाल जाटए महेंद्रजीत सिंह मालवीय एवं अशोक चांदना आदि शामिल हैं जो इस बार भी अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। इसी तरह इस बार कांग्रेस के कई विधायक भी फिर से अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। कांग्रेस ने लगभग अपने सौ मौजूदा विधायकों को फिर से चुनाव मैदान में उतारा हैंइसी तरह भाजपा में भी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजेए नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ए उपनेता प्रतिपक्ष डा सतीश पूनियाए सांसद दीया कुमारीए रा’यवर्धन सिंह राठौड़ए बाबा बालकनाथए किरोड़ी लाल मीणा एवं देवजी पटेल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया के अलावा कई भाजपा विधायक इस बार फिर चुनाव मैदान में ताल ठोक रखी है। भाजपा ने इस बार अपने करीब 60 मौजूदा विधायकों को फिर से चुनाव लड़ने का मौका दिया है।



इनके अलावा रालोपा के संयोजक एवं नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भी खींवसर से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। रालोपा ने चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व वाली आजाद समाज पार्टी ;कांशीरामद्ध के साथ चुनावी गठबंधन किया है और दोनों मिलकर 124 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस चुनाव में भाजपा 199 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि कांग्रेस 198 पर चुनाव लड़ रही है और वह एक सीट भरतपुर को अपने सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल ;रालोदद्ध के लिए छोड़ी है जहां से रालोद के प्रत्याशी एवं मंत्री सुभाष गर्ग चुनाव मैदान में हैं।रा’य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदान के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में 51 हजार 507 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 18.30 आयु वर्ग के एक करोड़ 70 लाख 99 हजार 334 के युवा मतदाता मतदान करेंगेए जिनमें 18.19 आयु वर्ग के 22 लाख 61 हजार आठ नव मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 36 हजार 101 स्थानों पर मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।10 हजार 501 मतदान केन्द्र शहरी क्षेत्र में और 41 हजार छह ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 26 हजार 393 मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग कराई जाएगी। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से इन मतदान केंद्रों पर निगरानी की जाएगी। प्रदेशभर में 65 हजार 277 बैलट यूनिटए 62 हजार 372 कंट्रोल यूनिट और 67 हजार 580 वीवीपैट मशीनें रिजर्व सहित मतदान कार्य में उपयोग ली जाएंगी।उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए 6287 माइक्रो आब्जर्वर और 6247 सेक्टर अधिकारी मय रिजर्व नियुक्त किए गए हैं जो मतदान दलों से सतत समन्वय बनाकर किसी भी प्रकार की परेशानी का तत्काल निराकरण करेंगे। सभी सेक्टर अधिकारियों को एक.एक अतिरिक्त ईवीएम मशीन भी दी जाएगी। जो ईवीएम संबंधी खराबी की सूचना होने पर सुधार एवं रिप्लेसमेंट की कार्यवाही करेंगे। ईवीएम संबंधी खराबी के त्वरित निराकरण के लिए हर विधानसभा में दो.दो बेल के इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे जो सूचना प्राप्त होने पर शीघ्र केन्द्रों पर पहुंचेंगे। बेल इंजीनियर के पास भी एक.एक अतिरिक्त ईवीएम मशीन रहेगी।

गुप्ता ने बताया कि मतदान के लिए दो लाख 74 हजार 846 मतदानकमियों को तैनात किया गया हैं। 7960 महिला मतदानकर्मी महिला प्रबन्धित मतदान केन्द्रों पर एवं 796 दिव्यांग मतदान कार्मिक दिव्यांग प्रबन्धित मतदान केन्द्रों पर कमान संभालेंगे। सभी मतदान बूथों पर मतदान के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई हैए जिसका लाभ लेते हुए वहां आने वाले दिव्यांगों एवं 80 वर्ष की आयु के वरिष्ठ मतदाता अपना मत बिना किसी असुविधा के डाल सकते हैं।गुप्ता ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए एक लाख दो हजार 290 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। 69 हजार 114 पुलिसकर्मीए 32 हजार 876 राजस्थान होमगार्डए फोरेस्ट गार्ड एवं आरएसी जवानों का बल तैनात किया गया है एवं सीआरपीएफ की 700 कंपनिंयां तैनात की गई है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मतदान दिवस पर सघन जांच एवं निगरानी के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन फ्लाइंग स्क्वॉडए तीन एसएसटी दल तैनात रहेंगे। व्यय संवेदनशील मतदान केन्द्रों में एक.एक अतिरिक्त एफ़एस और एसएसटी की तैनाती मतदान दिवस पर की जाएगी।उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कम से कम तीन क्यूआरटी की उपलब्धता रहेगी। गुजरातए मध्य प्रदेशए उत्तर प्रदेशए हरियाणा और पंजाब रा’यों से लगती 4850 किलोमीटर लम्बी अंतररा’यीय सीमा पर बने चेकपोस्ट पर बाहरी अवांछित व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से सीलिंग और चेकिंग की कार्रवाई की जाएगी।मतदान के दिन सूचनाओं के त्वरित आदान प्रदान के लिये जिला स्तर व विधानसभा स्तर पर कम्यूनिकेशन टीम बनाई गई है। इस टीम में नियुक्त अधिकारी.कर्मचारी मतदान केन्द्रों तक मतदान दलों के पहुंचने की जानकारीए मॉकपोल होने की जानकारीए उसके बाद मतदान शुरू होनेए मतदान का प्रतिशत जैसी जानकारियां मतदान केन्द्रों पर नियुक्त कर्मचारियों से चर्चा कर संकलित करेंगे।

गुप्ता ने बताया कि मतदान के लिए 41 हजार 224 बड़े तथा छोटे वाहनों का अधिग्रहण किया गया हैए जिससे मतदान दलए सुरक्षा कर्मीए ईवीएम मशीन तथा सेक्टर ऑफिसर के आने.जाने में सुगमता रहे। पुलिस बल तथा मतदान दलों के लिए 17 हजार 617 वाहनए सेक्टर ऑफिसर के लिए 20 हजार 844 छोटे यात्री वाहनए एवं ईवीएम मशीन के लाने ले जाने के लिए 2470 ट्रकध्मिनी ट्रक अधिग्रहित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए एक लाख दो हजार 290 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। 69 हजार 114 पुलिसकर्मीए 32 हजार 876 राजस्थान होमगार्डए फोरेस्ट गार्ड एवं आरएसी जवानों का बल तैनात किया गया है एवं सीआरपीएफकी 700 कंपनिंयां तैनात की गई है।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मतदान दिवस पर सघन जांच एवं निगरानी के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन फ्लाइंग स्क्वॉडए तीन एसएसटी दल तैनात रहेंगे। व्यय संवेदनशील मतदान केन्द्रों में एक.एक अतिरिक्त एफ़एस और एसएसटी की तैनाती मतदान दिवस पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कम से कम तीन क्यूआरटी की उपलब्धता रहेगी। गुजरातए मध्य प्रदेशए उत्तर प्रदेशए हरियाणा और पंजाब राज्यों से लगती 4850 किलोमीटर लम्बी अंतरराज्यीय सीमा पर बने चेकपोस्ट पर बाहरी अवांछित व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से सीलिंग और चेकिंग की कार्रवाई की जाएगी।

## योगी आदित्यनाथ ने रामलला व हनुमानगढ़ी दरबार में टेका मत्था



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे? हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन.पूजन कर देश.प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख.समृद्धि की कामना की।रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का हाल जाना। यहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण से जुड़ी जानकारी दी।गौरतलब है कि एक महीने के अंदर मुख्यमंत्री ने तीसरी बार रामलला एवं हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 नवम्बर को कैबिनेट बैठक में शामिल होने अयोध्या आए थेए तब मंत्रियों के साथ उन्होंने दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन किया था। पुनः मुख्यमंत्री 11 नवम्बर को दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उसके अगले दिन उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन किएथे।

राम मंदिर पूर्वजों के बलिदान और भावनाओं की सिद्धिः-उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भगवान राम साक्षात धर्म के स्वरूप हैं और राम मंदिर पूर्वजों के बलिदान और भावनाओं की सिद्धि है। योगी ने यहां बड़ा भक्तमाल में विराजमान भगवान सीता.वल्लभ को सोने का मुकुट और छत्र अर्पित करने के उपरांत कहा कि लंबे संघर्ष के बाद मंदिर आंदोलन एक निर्णायक स्थिति में परिवर्तित होकर रामरा’य की आधारशिला पुष्ट करते हुए उसके गुणगान को तैयार हो रहा है। अयोध्या कैसी होनी चाहिए यह इसकी शुरुआत है। पहले लोग अपने आप को हिंदू और भारतीय बोलने में संकोच करते थे। आज हर व्यक्ति सनातन व भारतीयता के प्रति सम्मान का भाव रखता है।उन्होंने कहा कि 500 वर्षों तक चले लंबे संघर्ष के बाद रामलला 22 जनवरी को विराजमान होने जा रहे हैं। पीएम मोदी राम मंदिर का उद्घाटन करने आ रहे हैं। ऐसे में अयोध्या वासियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को सफल बनाने और उसे ऊंचाई तक ले जाने के लिए अयोध्या वासियों को जिम्मेदारी संभालनी होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक नए भारत का दर्शन हो रहा है। दीपोत्सव में 52 देश के राजदूत आए थे। दीपोत्सव का प्रचार 52 देश में हुआ। भविष्य में कई कार्यक्रम होने जा रहे हैं। बड़ा भक्तमाल में मुकुट अर्पण का समारोह भविष्य के कार्यक्रम की आधारशिला है। अयोध्या के सुंदरीकरण की योजना को भी इससे बल मिला है।

मानवीय जीवन के सभी हिस्से राम के आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करते हैं। अयोध्या हमेशा से सेवा के प्रति समर्पण की मिसाल रही है। नर सेवा ही नारायण सेवा हैए यह यहां के धार्मिक आयोजनों में दिखती है।उन्होने कहा कि 22 जनवरी के बाद अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। ऐसे मेंए अयोध्या को आतिथ्य सत्कार का एक आदर्श प्रस्तुत करना होगा। यही प्रभु के महायज्ञ में हम सब की आहुति मानी जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जो भी आएए यहां के आतिथ्य से प्रभावित होकर जाए। यही संदेश अयोध्या से जाना चाहिए। इस अवसर पर देशभर के मठ.मंदिरों के महंतगण व साधु.संत जन मौजूद रहे।



## राजस्थान से दुल्हा हेलीकॉप्टर में दुल्हन लेकर पहुंचा सिरसा

**बिना दहेज की शादी**

सिरसा। हरियाणा में सिरसा के गांव नाथूसरी कलां में दुल्हन को हेलीकॉप्टर में लेकर आने का नजारा देखने को मिला। यहां दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन को हेलीकॉप्टर से विदा कराकर घर लाया। गांव के बच्चे व बड़े हेलीकॉप्टर को देखने के लिए गांव नाथूसरी कलां में पहुंचे।यह शादी इसलिए भी चर्चित रही क्योंकि इससे पहले दहेज में लड़की के पिता द्वारा दी गई नगदी को दुल्हे के पिता रघुबीर सिंह कड़वासरा ने लेने से मना कर दिया। समुटणी में एक रुपए व नरियल ही लेकर रस्म अदा की।गांव नाथूसरी कलां के स्व.जयकरण कड़वासरा पूर्व सरपंच के सुपौत्र आयुष कड़वासरा की शादी राजस्थान के नोहर गांव के पिचकराई निवासी निशा सुपुत्री भगत सिंह गोदारा के साथ गुरुवार रात्रि को हुई। इसके बाद शुक्रवार को सुबह के समय गांव पिचकराई से आयुष के साथ निशा को विदा किया। विदा के बाद निशा को आयुष हेलीकॉप्टर में लेकर नाथूसरी कलां के हंजीरा रोड स्थित बॉयज स्कूल में पहुंचा।हेलीकॉप्टर में आयुष के साथ उसकी धर्मपत्नी निशा, उसकी बहन प्रीति कड़वासरा, पुफ्र कृष्ण पूनिया और दुल्हन का भाई राहुल बैठकर आया। जैसे ही हेलीकॉप्टर से निशा गांव पिचकराई से विदा हुई। लोगों का हेलीकॉप्टर से विदा होते देखने के लिए तांता लग गया।वहीं जैसे ही नाथूसरी कलां के हंजीरा रोड स्थित बॉयज स्कूल में दुल्हन को लेकर आयुष कड़वासरा पहुंचा। यहां भी लोगों की भीड़ लग गई। हेलीकॉप्टर की अनुमति शादी समारोह में थीए जिसके चलते पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रही। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रणजीत कासनिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# उत्तरकाशी में सुरंग में फंसे मजदूर जल्द ही लेंगे खुली हवा में सांस


सिलक्यारा/देहरादून/ नई दिल्ली। सरकार ने कहा है कि उत्तरकाशी की सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए बहुत सावधानी से लगातार काम चल रहा है और उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही श्रमिक खुले में सांस ले सकेंगे।राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य तथा लेफ्टीनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन ;सेवानिवृत्तद्ध ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुरक्षा एजेन्सी श्रमिकों तक पहुंचने के काम में जुटी हैं और जो थोड़ी बाधा आई है उसे दूर कर लिया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि बचाव कार्य जल्द शुरू हो जाएगा जिसके बाद श्रमिक खुली हवा में सांस ले सकेंगे।उन्होंने कहा कि सभी एजेन्सी अपना कार्य मुस्तैदी से कर रही हैं जिससे कि आपरेशन को पूरा करने में आने वाली दिक्कतों का तुरंत निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि अभी श्रमिकों के पास पहुंचने के लिए जो पाइप लगाया जा रहा है वह श्रमिकों से करीब 15 मीटर दूर है। यह पाइप मुड़ गया था और उसको आगे बढाने के लिए रात को उसे काटने का काम किया गया। इसकी मरम्मत कर पाइप को अंदर ले जाने के लिए जल्द ही दोबारा काम शुरु होने की उम्मीद है।

लेफ्टीनेंट जनरल ने कहा कि एक रडार लगाया गया है जिससे जमीन के अंदर पांच मीटर तक देखा जा सकता है। इसके जरिए अड़चनों को दूर किया जा रहा है। आपरेशन के लिए यह सकारात्मक प्रगति है और श्रमिकों के बाहर निकलने की सटीक समय सीमा का निर्धारण अभी नहीं किया जा सकता है। देश के विभिन्न रा’यों की सरकार इसमें अपना यथा संभव सहयोग कर रही है।अभियान से जुड़े तकनीकी अधिकारी विशाल चौहान ने कहा कि अभियान के दौरान इस बात पर सबसे ’यादा ध्यान दिया जा रहा है कि फंसे हुए मजदूरों तक बराबर भोजन पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान में श्रेष्ठ तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है और सुरंग की सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों की बराबर मदद ली जा रही है। बचाव काम में लगे विशेषज्ञों का बहुत लंबा अनुभव है।ले जनरल हसनैन ने कहा कि श्रमिकों के बाहर निकलने के बाद उनके लिए समुचित चिकित्सा व्यवस्था की गई है और जरूरत पड़ने पर उन्हें एम्स रिषीकेश ले जाएगा जहां सभी तरह की व्यवस्था की गई है।

सिलक्यारा में एम्स पूरी तरह तैयारए 41 बेड आरक्षितः-उत्तराखंड में उत्तरकाशी जनपद के सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों ;मजदूरोंद्ध को यदि षिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान लाया जाता हैए तो उनके इलाज के लिए वह पूरी तरह तैयार है। चिकित्सकों को अलर्ट मोड पर रखा गया है और अस्पताल प्रशासन ने श्रमिकों के बेहतर उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की चार टीमें गठित की हैं।उत्तरकाशी से एम्स पहुंचाए जाने की स्थिति में श्रमिकों को एम्स के हेलीपैड से सीधे अस्पताल की ट्रॉमा इमरजेंसी में ले जाया जाएगा। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए एम्स के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉण् नरेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को बताया कि ट्रॉमा सेन्टर के डिजास्टर वार्ड सहित अस्पताल के अन्य एरिया में सभी श्रमिकों के लिए 41 बेडों की पर्याप्त व्यवस्था रखी गई है।उन्होंने बताया कि आपात स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों की चार टीमें गठित कर उन्हें अलर्ट मोड पर रखा गया है। इन टीमों में ट्रॉमा सर्जनए एनेस्थिसियाए मनोरोग और जनरल मेडिसिन विभाग के चिकित्सक शामिल हैं।कुमार के अनुसार संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉण् मीनू सिंह रा’य सरकार के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि यदि आवश्यकता पड़ी तो उत्तरकाशी भेजे जाने के लिए भी डॉक्टर्स और नर्सिंग अधिकारियों की एक टीम तैयार रखी गई है। उल्लेखनीय है कि एम्स के पास अपना हेलीपैड हैए जहां एक बार में तीन हेलीकॉप्टर एक साथ उतारे जा सकते हैं।गौरतलब है कि सिलक्यारा सुरंग के मलबे में 41 मजदूर फंसे हुए हैं जिन्हें निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाए जा रहे हैं।

ड्रिलिंग में बाधा आने से हल्का हुआ बचाव अभियानः-उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के सिलक्यारा टनल में दीपावली की सुबह से भूस्खलन के मलवे के कारण फंसे कुल 41 कार्मिकों को बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन शुक्रवार शाम भी जारी रहा। फ्लिहाल सफलता महज कुछ मीटर दूर है।इस संबंध में आज अपराह्न अस्थाई मीडिया सेंटरए सिलक्यारा में प्रेस ब्रीफिंग के दौरानए अपर सचिव ;सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालयए भारत सरकारद्ध एवं एनएचआईडीसीएल के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद ने बताया कि ऑगर मशीन से 45 मीटर के बाद ड्रिलिंग शुरू करते हुए कुल 1ण्8 तक ड्रिलिंग पूरी कर ली गई थी।इस प्रकार कुल 46ण्8 से आगे की ड्रिलिंग के बाद धातु के टुकड़े मशीन में फंसने से ड्रिलिंग रोक दी गई थी। तत्पश्चातए श्रमिकों द्वारा पाइप के मुहाने पर फंसे धातु के टुकड़ों को पाइप के अंदर रेंगकर काट दिया गया है। गत दिवस पुनः ऑगर मशीन स्थापित कर ड्रिलिंग शुरु करते हुए 1ण्2 मीटर अतिरिक्त ड्रिलिंग की गई थी। इस प्रकार कुल 48 मीटर तक ड्रिलिंग की थी।अहमद ने बताया कि पाइप के आखि़री सिरे पर फंसे धातु के टुकड़ों से पाइप क्षतिग्रस्त हुआ है। जिसके बाद क्षतिग्रस्त 1ण्2 मीटर पाइप को काटकर बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 46ण्8 मीटर पाइप को पुश किया गया है। आगे की ड्रिलिंग पूरी सावधानी के साथ शुरू की जाएगी। ब्रीफिंग के दौरानए उत्तराखंड शासन के सचिव डॉण् नीरज खैरवाल और सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

# डंकी का पहला ट्रैक ‘‘डंकी ड्रॉप-2 लुट पुट गया’’ रिलीज



मुंबई। डंकी के मेकर्स ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की म्यूजिकल यात्रा शुरू करते हुए फिल्म से पहला दिल छू लेने वाला गीत डंकी ड्रॉप 2.लुट पुट गया जारी कर दिया है। यह गाना हार्डी के उस अध्याय को खोलता है जब वह मनु के प्यार में पड़ जाता है क्योंकि वह दुनिया के खिलाफ उसके लिए खड़ी होती है। गाने में आप देखेंगे कि कैसे मनु के लिए उसकी भावनाएं उसे एक होपलेस रोमांटिक में बदल देता हैं।इस गाने को म्यूजिक मैस्ट्रो प्रीतम द्वारा कंपोज किया गया हैं जिसमें अरिजीत सिंह की दिल छू लेने वाली आवाज़ हैं और लीरिक्स स्वानंद किरकिरे और आईपी सिंह द्वारा लिखे गए हैं। गाने के दिलकश डांस मूव्स मशहूर गणेश आचार्य ने कोरियोग्राफ किए हैं जो इसे और भी मैजिकल बनाते है और इसमें प्यार का रंग खिलता है।वैसे एक मास्टर कहानीकार के रूप में पहचाने जाने वाले राजकुमार हिरानी के नाम सबसे ’यादा देखी जाने वाली और आकर्षक फिल्में हैं और इस बार वह एक और दिलकश फिल्म लेकर आ रहे हैं जिसका टाइटल डंकी है। ये फिल्म चार दोस्तों और विदेशी तटों तक पहुंचने की उनकी खोज की एक दिल छू लेने वाली कहानी हैए यह उनके सपनों को साकार करने के लिए शुरू की जाने वाली मुश्किल लेकिन जीवन बदलने वाली यात्रा को दर्शाती है। असल जीवन से इंस्पिरेशन लेते हुए डंकी प्यार और दोस्ती की एक गाथा है जो अलग अलग कहानियों को एक साथ जोड़ती है और असंख्य भावनाओं को जगाते हुए हिलेरियस और दिल को छू लेने वाले जवाब देती है।डंकी में कलाकारों की टोली हैए जिसमें शाहरुख खान के साथ बोमन ईरानी, तापसी पन्नूए विक्की कौशल, विक्रम कोचर, अनिल ग्रोवर जैसे बेहद प्रतिभाशाली अभिनेताओं ने रंगीन किरदार निभाए हैं। जिओ स्टूडियोज़, रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित, अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखितए डंकी इस दिसंबर 2023 में रिलीज़ होने वाली है।

# विक्की कौशल ने कॉलेज स्टूडेंट्स संग देखा अपनी फिल्म का ट्रेलर और गाना

## कोलकाता में सैम बहादुर का प्रमोशन


कोलकाता। बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल अपनी मच अवेटेड फिल्म सैम बहादुर को लेकर हर तरफ छाए हुए हैं। ये फिल्म भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की लाइफपर बेस्ड है और फिल्म में विक्की ने टाइलर रोल प्ले किया हैं। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का दमदार ट्रेलर भी लॉन्च किया था।

फिलहाल फिल्म के प्रमोशन्स शुरू हो चुके हैं जिसके सिलसिले में एक्टर कोलकाता पहुंचेए जहां विक्की को देख उनके फैन्स क्रेजी हो गए और उनका जोरदार स्वागत किया।

विक्की कौशल सबसे पहले फिल्म को प्रमोट करने ईस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर फोर्ट विलियम गए। बता देंए जब सैम ईस्टर्न कमांड के प्रमुख थे तब उन्होंने यहां सेवा की थी। इसके बाद सैम बहादुर एक्टर भवानीपुर कॉलेज में नजर आएं जहां करीब 3500 स्टूडेंट्स का क्राउड पहले से ही मौजूद था। इस दौरान विक्की को देख स्टूडेंट्स का जोश हाई थाए जिसे उन्होंने जरा भी कम नहीं होने दिया। विक्की ने यहां अपनी फिल्म का ट्रेलर और बढ़ते चलो गाना भी प्ले किया। यही नहींए यहां आए स्टूडेंट्स के साथ उन्हें इंटरैक्ट करते देखा गयाए जहां उन्होंने सैम बहादुर के साथ सभी से थिएटर्स में मिलने का प्रॉमिस लिया और गुजारिश भी की कि जो प्यार उन्हें लोगों से मिला है वहीं प्यार उनकी फिल्म को भी वो दें।बता देंए 1971 के भारत.पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन के इर्द.गिर्द घूमती हैए जिन्होंने आगे बढ़कर भारतीय सेना का नेतृत्व किया और बांग्लादेश का निर्माण भी किया था।फिल्म का निर्देशन मेघना गुलज़ार ने किया हैं जिन्होंने भवानी अय्यर और शांतनु श्रीवास्तव के साथ मिलकर इसे लिखा भी हैं। फिल्म को आरएसवीपी मूवीज़ के बैनर तले रॉनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित किया गया है।

फिल्म में विक्की कौशल के अलावा फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा, नीरज काबी, एडवर्ड सोनेनब्लिक और जीशान अय्यूब भी मुख्य भूमिका में हैं। सैम बहादुर 1 दिसंबरए 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

# Dunki song Lutt Putt Gaya dropped by T-Series



The makers of Dunki have kick-started the musical journey of Rajkumar Hirani's directorial by unveiling the Dunki Drop 2 - Lutt Putt Gaya, the first heart-warming melody from the film. The song opens up the chapter of Hardy when he falls for Manu as she stands up for him against the world. Watch him as his feelings for Manu transform him into a hopeless romantic.

This melodic treat, composed by the maestro Pritam, features the soulful vocals of Arijit Singh and lyrics penned by Swanand Kirkire and IP Singh. The delightful dance moves, choreographed by the renowned Ganesh Acharya, add an extra layer of magic, setting the perfect stage for the romance to unfold.

Earlier, King Khan on the occasion of his 58th birthday, treated his fans with the first glimpse of the film. Dunki is a heart-warming tale of four friends and their quest to reach foreign shores, it charts the arduous yet life-changing journey they are about to undertake to make their dreams come true. Drawn from Real-Life Experiences, Dunki is a saga of love and friendship that brings together these wildly disparate stories and provides hilarious and heart-breaking answers.

Dunki features an ensemble cast, with colourful characters portrayed by exceptionally talented actors, Boman Irani, Taapsee Pannu, Vicky Kaushal, Vikram Kochhar, Anil Grover, starring along with Shah Rukh Khan. A JIO Studios, Red Chillies Entertainment, and Rajkumar Hirani Films presentation, produced by Rajkumar Hirani and Gauri Khan. Written by Abhijat Joshi, Rajkumar Hirani, and Kanika Dhillon, Dunki is a Christmas release, hitting theatres on the 21st of December 2023.

### अजमेर उत्तर विधानसभा चुनाव

## भाजपा और कांग्रेस की जंग में ज्ञान सारस्वत ने डाली भंग

अजमेर। राजस्थान विधानसभा चुनाव में अजमेर उत्तर में जनता के उम्मीदवार के रूप में खम ठोंक रहे निर्दलीय प्रत्याशी ज्ञानचंद सारस्वत ने चुनावी रण में भाजपा और कांग्रेस के समीकरण गडबडा दिए हैं। स्थिति यह है कि एक तरफ खुद सारस्वत अपनी जीत के दावे कर रहे हैं वहीं राजनीति के जानकारों का कहना है कि भाजपा या कांग्रेस के प्रत्याशी की जीत भी सारस्वत के वोट हासिल करने की कुल संख्या तय करेगी।

भाजपा से बागी होकर विधायक बनने की राह पर चल पडने वाले पार्षद ज्ञान सारस्वत पार्टी के असंतुष्ट वर्ग तथा चुनाव से पहले ही प्रत्याशी परिवर्तन की मांग करने वालों दावेदारों के अगुवा बन गए। देखते ही देखते एक बडा वर्ग तथा सदैव भाजपा को समर्थन देने वाले भी उनके साथ जुटते गए। नामांकन दाखिल करने के दौरान रैली के रूप में सारस्वत ने समर्थकों की भीड जुटाकर अपनी ताकत का प्रकटीकरण कर दिया। मानमनोव्वल के बावजूद नामांकन वापसी की तारीख निकल जाने तक उनके मैदान में डटे रहने से भाजपा को संभावित खतरे का आभास हो गया था। इसके बाद चुनाव प्रचार अंतिम दौर में सारस्वत के समर्थन में शहर में निकली महारैली ने जिस तरह से 10 किलोमीटर लंबा सफर तय किया उससे तय हो गया कि वे लगातार जीत रही भाजपा की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन चुके हैं।

भाजपा के रणनीतिकार भी मतदान की तारीख के एक दिन पहले तक ज्ञान सारस्वत का तोड नहीं निकाल सके। ऐसे में अपने किले को ढहने से बचाने के लिए संघ के मार्गदर्शन में अंतिम किलेबंदी की गई। देवनानी ने भी प्रचार के अंतिम दिन महारैली निकाल कर भाजपा की ताकत का अहसास कराने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडी। अब 25 नवंबर को मतदाता ही तय करेंगे कि पांचवीं बार विधायक बनने का सपना संजोएं वासुदेव देवनानी पर भरोसा कायम है अथवा नहीं।इस बीच कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र सिंह रलावता पार्टी का टिकट हासिल करने में सफल भले ही हो गएए लेकिन पार्टी के भीतर गुटबाजी का तोड निकालने की बजाय उन्होंने सीधे मतदाओं पर भरोसा जताया। हालांकि धर्मेन्द्र सिंह राठौड के साथ गलबहियों का वे कितना फायदा उठा पाएंगे यह चुनाव परिणाम के बाद पता चलेगा। उन्हें पार्टी के परंपरागत वोट बैंक पर अधिक भरोसा है साथ ही वे भाजपा के बागी ज्ञान सारस्वत को मिलने वाले वोट को देवनानी से अपनी जीत के अंतर से जोड कर देख रहे हैं।

## अजमेर-मारवाड़ जंक्शन पैसेंजर स्पेशल की समय सारणी में परिवर्तन

अजमेर पाली। यात्रियों की सुविधा व मांग के मद्देनजर रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 09615 अजमेर. मारवाड़ जंक्शन पैसेंजर स्पेशल का दिनांक 27 नवंबर से अजमेर स्टेशन से प्रस्थान समय में परिवर्तन कर 18. 30 बजे की बजाय 18.20 बजे किया जा रहा है।

इस ट्रेन के मार्ग के अन्य स्टेशनों के समय में भी संलग्न समय सारणी अनुसार परिवर्तन होगा। परिवर्तित समय सारणी के अनुसार यह गाड़ी अजमेर से 18.20 बजे प्रस्थान कर दौराई 18.29 बजे सरधना 18. 39बजे, मकरेड़ा 18.46 बजे, मांगलियावास 18.53 बजे, खरवा 19.04, पिपलाज 19. 12 बजे, बांगड़ग्राम 19.18 बजे, ब्यावर 19.25 बजे, अमरपुरा 19. 38 बजे, सेंदड़ा 19.51 बज, बर 20. 02 बजे, हरिपुर 20. 13 बजे, गुड़िया 20.23 बज, चंदावल 20. 34 बजे, बगड़ीनगर 20. 45 बजे सोजत रोड 20.53 बजे, धारेश्वर 21. 05 बजे होते हुए मारवाड़ जंक्शन 21.45 बजे पहुंचेगी।

# विधानसभा चुनावः अजमेर जिले मतदान दल गंतव्य स्थल पहुंचे


अजमेर। विधानसभा आम चुनाव-2023 के अन्तर्गत शनिवार को मतदान के लिए शुक्रवार को सभी मतदान दल मतदान सामग्री लेकर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज माखुपुरा से रवाना होकर देर रात तक अपने अपने गंतव्य स्थल पर पहुंच गए।जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भारती दीक्षित ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव.2023 के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े समस्त दल निर्धारित स्थानों के लिए शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से रवाना किए गए। उन्होंने बताया कि एकीकृत अजमेर में कुल 1239 मतदान लोकेशन पर 1937 मूल मतदान केन्द्र तथा 13 सहायक मतदान केन्द्र हो गए हैं। इस प्रकार जिले में कुल 1950 मतदान केन्द्र हैं। अभी 286 मतदान लोकेशन शहरी क्षेत्र में तथा 953 मतदान लोकेशन ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हैं। विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ में 272ए पुष्कर में 241ए अजमेर उत्तर में 197ए अजमेर दक्षिण में 184ए नसीराबाद में 231ए ब्यावर में 279ए मसूदा में 279ए केकडी में 267



मतदान केन्द्र हैं।उन्होंने बताया कि एकीकृत अजमेर जिले में विधानसभा आम चुनाव के लिए शनिवार को कुल 19 लाख 76 हजार 714 मतदाता है। जिले के कुल 19 लाख 76 हजार 714 में से 10 लाख 5 हजार 37 पुरूषए 9 लाख 71 हजार 650 महिला एवं 27 ट्रांसजेण्डर मतदाता है। जिले का लिंगानुपात अनुमानित जनसंख्या में 951 तथा मतदाताओं में 967 है।उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ के कुल 2 लाख 81 हजार 873 में से एक लाख 44 हजार 941 पुरूषए एक लाख 36 हजार 930 महिला एवं 2 ट्रांसजेण्डर मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र पुष्कर के कुल 2 लाख 51 हजार 211 में से एक लाख 28 हजार 646 पुरूषए एक लाख 22 हजार 564 महिला एवं एक ट्रांसजेण्डर मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र अजमेर उत्तर के कुल 2 लाख 9 हजार 560 में से एक लाख 5 हजार 223 पुरूष तथा एक लाख 4 हजार 322 महिला एवं 15 ट्रांसजेण्डर मतदाता है। विधानसभा क्षैत्र नसीराबाद के कुल 2 लाख 32 हजार 905 में से एक लाख 18 हजार 802 पुरूषए एक लाख 14 हजार एक सौ महिला तथा 3 ट्रांसजेण्डर है।विधानसभा क्षेत्र अजमेर दक्षिण के कुल 2 लाख 10 हजार 59 में से एक लाख 5 हजार 16 पुरूष तथा एक लाख 5 हजार 42 महिला एवं एक ट्रांसजेण्डर मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र ब्यावर के कुल 2 लाख 57 हजार 723 में से एक लाख 31 हजार 45 पुरूष तथा एक लाख 26 हजार 675 महिला एवं 3 ट्रांसजेण्डर मतदाता है।विधानसभा क्षेत्र मसूदा के कुल 2 लाख 71 हजार 843 में से एक लाख 38 हजार 614 पुरूष तथा एक लाख 33 हजार 228 महिला एवं एक ट्रांसजेण्डर मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र केकडी के कुल 2 लाख 61 हजार 540 में से एक लाख 32 हजार 750 पुरूष तथा एक लाख 28 हजार 789 महिला एवं एक ट्रांसजेण्डर मतदाता है।उन्होंने बताया कि 18.19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 79 हजार 109 है। इसके अनुसार विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ में 11776, पुष्कर में 9727, अजमेर उत्तर में 6875, अजमेर दक्षिण में 7204, नसीराबाद में 10037, ब्यावर में 11864, मसूदा में 10815, केकडी म 10811 मतदाता 18 से 19 वर्ष के है।उन्होंने बताया कि जिले में 64 महिला प्रबन्धितए 8 दिव्यांग प्रबन्धित तथा 8 युवा प्रबन्धित बूथ स्थापित किए गए है। इन बूथों के लिए तैनात मतदान दलों के कार्मिकों में विशेष उत्साह नजर आया। इनके द्वारा पहली बार मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर गर्व का अनुभव किया गया।

## प्रसिद्ध पुष्कर मेला चढा परवान

अजमेर। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित प्रसिद्ध पुष्कर मेला इन दिनों



परवान चढा हुआ है और इसमें देसी-विदेशी सैलानी बढ़.चढ़कर भाग ले रहे हैं।इस मेले में पर्यटन विभाग की ओर से देसी.विदेशी सैलानियों के लिए कई रंगारंग कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं जो सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। मेले में स्थानीय लोगों एवं विदेशी सैलानियों के बीच कब्बडी एवं फुटबॉल का खेलए लंगड़ी टांग, सितोलिया खेलए गिल्ली डंडा, हैंडी क्राफ्ट बाज़ार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लगान फिल्म की तरह क्रिकेट का खेल और विदेशी सैलानियों के लिए पगड़ी बांधना और तिलक प्रतियोगिताए उंटों एवं घोड़ों का नृत्य और पुष्कर सरोवर की महा आरती का आयोजन आकर्षण का केन्द्र बन गए और लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं।पांच दिवसीय धार्मिक मेला कार्तिक मास की देव उठनी एकादशी पर लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया। 24 और 25 नवम्बर को प्रदेश में विधानसभा आम चुनाव की वजह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विराम दिया गया है। इस प्रतिष्ठित पुष्कर मेले का समापन 27 नवम्बर को होगा।26 एवं 27 नवंबर मेले के शेष दो दिनों के मुख्य आकर्षण के कार्यक्रमों में पुष्कर सरोवर की महा आरती, गायक अमित मिश्रा का संगीत शो, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समापन समारोहए मटका दौड़, टग ऑफ वार एवं लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे।

## एक दिवसीय विश्वकप में दर्शक संख्या ने बनाए कीर्तिमान

मुबंई। आईसीसी और उसके प्रसारण साझेदार डिज़्नी स्टार के अनुसारए भारत में 2023 पुरुष वनडे विश्व कप ने स्टेडियम में उपस्थिति और प्रसारण व्यूअरशिप की संख्या के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।आईसीसी ने कहा कि भारत के मैदानों पर हुए 48 मैचों को सबसे अधिक 1250307 दर्शकों ने देखा जिससे ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में 2015 विश्व कप के 1016420 दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड टूट गया।डिज़्नी स्टार ने कहा कि टूर्नामेंट के छह हफ्तों में विश्व कप के लिए 51.8 करोड़ ट्यूनिंग के साथ भारत में रैखिक टेलीविजन दर्शकों की संख्या आधे अरब से अधिक हो गई है। भारत में ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ;बीएआरसी के आंकड़ों के अनुसारए टीवी पर कुल खपत 422 अरब मिनट थीए जो इसे अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बनाती है।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुआ विश्व कप फ़ाइनल टीवी पर 30 करोड़ लोगों ने देखा जो 13 करोड़ अधिक थाए जिससे डिज़्नी स्टार के मुताबिक यह सबसे अधिक टीवी पर देखा जाने वाला क्रिकेट मैच बना। फ़ाइनल में डिजिटल व्यूअरशिप का रिकॉर्ड भी टूटा। डिज़्नी. हॉटस्टार पर 5.9 करोड़ व्यूअरशिप मिली जो सबसे बड़ा लाइव स्पोर्ट्स इवेंट बन गया।

## दो दुल्हनों ने की लूट की वारदात, सुहागरात से पहले नगदी और जेवर लेकर फरार

हरदोई। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के टड़ियावां इलाके में दो दुल्हनों ने दो सगे भाइयों



के साथ विवाह किया और सुहागरात से पहले ही खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया और नगदी और जेवर लेकर फरार हो गई।पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भड़ायल गांव निवासी नरेश पाल अपने पुत्रों कुलदीप और प्रदीप के विवाह के लिए परेशान थे। प्रदीप दिल्ली में एक ताला बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता है जहां शादी की बात को लेकर इक़बाल नाम के एक व्यक्ति के सम्पर्क में आया जिसने दोनों भाइयो की शादी कराने की बात की और दोनों भाइयों की शादी कराने के नाम पर 90 हजार रुपए की मांग की लेकिन किसी वजह से बात नहीं बनी।परिवार वालों के मुताबिक इकबाल ने उसका और उसकी मां का नंबर कुछ और लोगों को दे दिया। जिसके कुछ दिन बाद प्रदीप की मां शिवकन्या के पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम रवि उर्फ़राजकुमार बताते हुए खुद को सीतापुर जिले का रहने वाला बताया और उसने बताया कि वह प्रदीप की शादी कर देगा जिस पर उसकी मां ने अपने दूसरे पुत्र के बारे में भी शादी करने को कहा तो रवि ने उनसे कहा की लखीमपुर जिले के धौरहरा की दो सगी बहनें हैं जिसे वह आपके दोनों पुत्रों की शादी कर देगा लेकिन इसके लिए उन्हें उसे 80 हजार रुपए देने पड़ेंगे।दोनों पुत्रों की दो सगी बहनों से शादी की बात सुनकर शिवकन्या ने शादी के लिए हां कर दी। इसके बाद उसने दोनों लड़कियों के फोटो शिवकन्या को भेज दिए गए। लड़कियों के फोटो मिलने के बाद परिवार ने शादी के लिए सहमति दे दी। इसके बाद रवि उर्फ़राजकुमार ने दुल्हनों के लिए शादी में परिवार वालों से जेवर बनवाने को कहा।परिवार वालों के मुताबिक करीब एक लाख रुपए के जेवर उन्होंने दुल्हनों के लिए बनवाए। इसके बाद 22 नवंबर को रवि उर्फ़ राजकुमार दोनों लड़कियों को लेकर उनके गांव भड़ायल पहुंच गयाए जहां उसने पहले अपनी तय रकम ली उसके बाद गांव के एक मंदिर में गांव वालों की मौजूदगी में विधिवत प्रदीप की शादी पूजा से और कुलदीप का विवाह आरती से विधि.विधान के साथ हो गया।मंदिर में विवाह की रस्म होने के बाद नवविवाहित दंपति अपने घर ससुराल पहुंच गए। परिवार वालों के मुताबिक घर पहुंचने पर दोनों दुल्हनों ने अपने दूल्हों और घर के सभी सदस्यों के लिए खीर बनाई। खीर खाने के बाद परिवार के लोग बेसुध हो गए और जब अगले दिन सुबह जब परिवार वालों की आंख खुली तो दोनों लुटेरी दुल्हन शादी का जेवरए नकदी और घर में रखा कीमती सामान लूटकर रफूचक्कर हो चुकी थी। परिवार वालों ने दुल्हनों और दलाल रवि की तलाश की लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

मो. +91 98879087277, 7737385114

Email ID sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277